CALL@7235808541

An initiative of VISIONIAS
Galaxy

डीम्ड विश्वविद्यालय

चर्चा में क्यों ?

- हाल ही में शिक्षा मंत्रालय ने पत्रकारिता और जनसंचार के अग्रणी संस्थान, भारतीय जनसंचार संस्थान को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की सलाह पर विशिष्ट श्रेणी के अंतर्गत डीम्ड विश्वविद्यालय घोषित किया है।

प्रमुख बिंदु

- यह आईआईएमसी, नई दिल्ली तथा जम्मू (जम्मू-कश्मीर), अमरावती (महाराष्ट्र), आइजोल (मिजोरम), कोट्टायम (केरल) और ढेंकनाल (ओडिशा) स्थित इसके पांचों क्षेत्रीय परिसरों पर भी लागू होगी।
- इस नए दर्जे के साथ आईआईएमसी (IIMC) अब डॉक्टरेट की डिग्री सहित डिग्री प्रदान करने के लिए अधिकृत है।

डीम्ड विश्वविद्यालय

- मानद विश्वविद्यालय (डीम्ड यूनिवर्सिटी) भारत में उच्च शिक्षा के संस्थानों को उच्च शिक्षा विभाग द्वारा दी गई एक मान्यता है।
- जिन संस्थानों को 'मानित विश्वविद्यालय' घोषित किया जाता है, वे विश्वविद्यालय के शैक्षिक स्तरों और विशेषाधिकारों का उपयोग करते हैं।
- डीम्ड विश्वविद्यालय की स्थिति प्राप्त संस्थान न केवल अपने पाठ्यक्रम को निर्धारित करने की पूर्ण स्वायत्तता प्राप्त करते हैं बल्कि प्रवेश नीति, विभिन्न पाठ्यक्रमों के शुल्क तथा छात्रों के लिए निर्देश भी बनाने के लिये स्वतन्त्र होते हैं।

यूजीसी



- स्थापना : 28 दिसंबर, 1953
- तत्कालीन शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आज़ाद द्वारा।
- यह विश्वविद्यालयी शिक्षा के मापदंडों के समन्वय, निर्धारण और अनुरक्षण हेतु वर्ष 1956 में संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित एक स्वायत्त संगठन है।
- मुख्यालय - नई दिल्ली
- छह क्षेत्रीय कार्यालय - पुणे, भोपाल, कोलकाता, हैदराबाद, गुवाहाटी एवं बेंगलुरु
- कार्य - पात्र विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को अनुदान प्रदान करने के अतिरिक्त, आयोग केंद्र और राज्य सरकारों को उच्चतर शिक्षा के विकास हेतु आवश्यक उपायों पर सुझाव देना ।